an>

Title: Need to undertake reconstruction of roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री हरीश मीना (दौसा) ः मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र दौसा की खराब सड़कों की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। दौसा एक ग्रामीण क्षेत्र है और यहां की हालत बेहद खराब है, सड़कें गड्ढों में तब्दील हो रही है जिस कारण आम जनता को रोज कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को एक गांव से दूसरे गांव जाने में काफी समय व्यर्थ करना पड़ता है रात के समय व बारिश के दिनों में तो सफर और भी खतरनाक हो जाता है।

यह सड़कें राज्य सरकार व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जाती है, परंतु इनके निर्माण के बाद इनकी कोई मॉनिटरिंग नहीं की जाती, जिस कारण इनकी दशा बद से बदतर हो जाती है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वे इसका संज्ञान लें और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सभी खराब और जर्जर हो चुकी सड़कों का पुनः निर्माण करवाएं तथा समय-समय पर इस योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जाये।